उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड
(उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)
U.P. POWER CORPORATION LIMITED
(Govt. of Uttar Pradesh Undertaking)
शक्ति भवन, 14 अशोक मार्ग, लखनऊ
CIN : U32201UP1999SGC024928

संख्या–1053–ज0श0 प्र0सु0 एवं प्रशि0–01/पाकालि/2024–16–ज0श0 एवं प्र0सु0/2020 दिनाँक 02 .07.2024

## कार्यालय ज्ञाप

केस्को, कानपुर में e-Office व्यवस्था को लागू किये जाने हेतु प्रोजेक्ट स्टीयरिंग कमेटी, प्रोजेक्ट क्रियान्वयन कमेटी एवं प्रोजेक्ट सपोर्ट टीम का गठन एतद्द्वारा निम्नवत् किया जाता है:–

**(क) प्रोजेक्ट स्टीयरिंग कमेटी :–**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | प्रबन्ध निदेशक, केस्को। | – अध्यक्ष |
| 2 | निदेशक (तकनीकी), केस्को। | – सदस्य |
| 3 | निदेशक (वाणिज्य), केस्को। | – सदस्य |
| 4 | मुख्य अभियन्ता, केस्को। | – सदस्य एवं संयोजक सदस्य |

उपरोक्त प्रोजेक्ट स्टीयरिंग कमेटी e-Office व्यवस्था के सफल एवं सुचारू रूप से संचालन के लिए उच्च स्तरीय मार्ग–दर्शन प्रदान करेगी। इस समिति का मुख्य कार्य व उत्तरदायित्व e-Office व्यवस्था के लिए दीर्घकालिक लक्ष्य, उद्देश्य निर्धारित किया जाना, क्रियान्वयन की स्थिति का निर्धारित अवधि में समीक्षा किया जाना तथा e-Office सिस्टम की व्यवस्था हेतु वित्तीय एवं अन्य संसाधनों की व्यवस्था किया जाना होगा।

**(ख) प्रोजेक्ट क्रियान्वयन कमेटी :–**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निदेशक (तकनीकी), केस्को। | – अध्यक्ष |
| 2 | मुख्य अभियन्ता (तकनीकी), केस्को। | – सदस्य |
| 3 | अधिशासी अभियन्ता (आई0टी0), केस्को। | – सदस्य |
| 4 | अधिशासी अभियन्ता (मुख्यालय), केस्को। | – संयोजक |

उपरोक्त प्रोजेक्ट क्रियान्वयन कमेटी e-Office व्यवस्था के पूर्णरूपेण क्रियान्वयन हेतु उत्तरदायी होगी। यह कमेटी e-Office व्यवस्था को लागू किये जाने के सम्बन्ध में अल्पकालिक तथा मध्यकालिक लक्ष्यों के निर्धारण और e-Office के सुचारू रूप से कार्य करने हेतु दिशा–निर्देश जारी करेगी। साथ ही e-Office व्यवस्था के सुचारू रूप से संचालन में नियमित अनुश्रवण आदि का कार्य भी इस कमेटी द्वारा देखा जायेगा।

**(ग) प्रोजेक्ट सपोर्ट टीम :–**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | अधिशासी अभियन्ता (आई0टी0), केस्को। | – सदस्य |
| 2 | अधिशासी अभियन्ता (मुख्यालय), केस्को। | – सदस्य |
| 3 | अधिशासी अभियन्ता (तकनीकी), केस्को। | – सदस्य |
| 4 | अधिशासी अभियन्ता (जानपद), केस्को। | – सदस्य |
| 5 | कार्मिक अधिकारी, केस्को। | – सदस्य |
| 6 | e-Office प्रोजेक्ट के कार्य हेतु डिजिटाइजेशन फर्म के प्रतिनिधि | – सदस्य |

उपरोक्त प्रोजेक्ट सपोर्ट टीम विभिन्न इकाइयों से समन्वय करके e-Office व्यवस्था के सफल क्रियान्वयन हेतु कार्य करेगी। पत्रावलियों के डिजिटाइजेशन हेतु डिजिटाइजेशन एजेंसी को पर्याप्त जगह उपलब्ध करायेगी। इसके अतिरिक्त यह टीम प्रशिक्षण कार्यक्रम को डिजाइन करेगी और e-Office हेतु अधिकृत फर्म की सहायता से कार्य को पूर्ण करायेगी।

**अध्यक्ष**
**उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0**

क्रमशः...........02

संख्या–1053–ज0श0 प्र0सु0 एवं प्रशि0–01/पाकालि/2024, तद्‌दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. अध्यक्ष, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
2. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
3. प्रबन्ध निदेशक, केस्को, कानपुर।
4. निदेशक (का0प्र0 एवं प्रशा0/वित्त/वितरण/वाणिज्य/आई0टी0/का0प्ला0), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
5. समस्त निदेशक, केस्को, कानपुर।
6. मुख्य अभियन्ता, केस्को, कानपुर।

आज्ञा से,

(सदानन्द)
संयुक्त सचिव (ज0श0 प्रशि0 एंव कार्य)